# कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता
## अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग,बेरीनाग

फोन नं0– 05964–244117 फैक्स नं0–05964–244622 ई–मेल–eepwdberinag@rediffmail.com


पत्रांक 1763 / 2776 दिनांक 30 / 11 /2019

सेवा में,

वन संरक्षक
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त
अल्मोड़ा।

विषयः– भाटगाड़ा से फडियाली नायल पभ्या मोटर मार्ग प्रस्ताव सं0 38955/2019

संदर्भः– आपका पत्रांक 1790 / 12–1 दिनांक 23.11.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के अनुपालन में विषयांकित मोटर मार्ग के प्रस्ताव की हार्ड प्रति यथोचित कार्यवाही हेतु सेवा में प्रेषित है।

संलग्न– प्रस्ताव की हार्ड प्रति 01 नग

07/12/19

उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड अल्मोड़ा
पंजीकृत सं0......................
पत्रावली सं0......................
दिनांक ......................

भवदीय

20/11/19

(इं0 एम0सी0पलड़िया)
अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड,लो0नि0वि0,बेरीनाग।

30/11/019

**मीना गंगोला**
विधायक
45 गंगोलीहाट

आवास:- 55, एम.एल.ए. ट्रांजिट हॉस्टल
रेसकोर्स, देहरादून
मोबा.: 7579099078, 9917597083
फैक्स.: 0135-2722887

उत्तराखण्ड सरकार

कार्यालय/आवास:- दुपरौली, पो.ओ. रूगड़ी
तह. गणाई-गंगोली, जिला पिथौरागढ़

पत्रांक- 1686/2021-22 दिनांक- 24/07/2021

डायरी नं० 321
फाईल नं० 15
दिनांक 24-07-21

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो०नि०वि०
बेरीनाग।

भटगाड़ा-भडियाली-नाम्ल-कम्या मोटर मार्ग के सम्बन्ध में आज दिनांक 24-07-21 को मोटर मार्ग से लाभान्वित होने वाले ग्रामवासी, विभाग के सहा० अभि० एवं मेरे द्वारा पूर्व स्वीकृत समरेखण का दौरा किया गया। इसी सन्दर्भ में ग्रामवासियों द्वारा मुझे अवगत कराया गया कि उक्त मार्ग की फॉरेस्ट की फाईल में भारत सरकार द्वारा कुछ आपत्तियां लगाकर मार्ग के समरेखण में बदलाव के लिए कहा गया है।

तथा साथ ही यह भी अवगत कराया कि उक्त समरेखण में बदलाव होने पर हमारे पानी के स्रोत खत्म हो रहे हैं, तथा परिवर्तित समरेखण भडियाली ग्राम के ऊपर से जाने पर भूस्खलन एवं ज्यादा क्षति की सम्भावना है। इस कारण ग्रामवासी परिवर्तित समरेखण पर सहमत नहीं हैं, तथा उनके द्वारा यह आग्रह किया गया कि पूर्व स्वीकृत समरेखण पर ही कार्यवाही की जाये। अतः पूर्व प्रेषित प्रस्ताव पर ही अग्रिम कार्यवाही की जाये।

AE II.
24.07.21

(मीना गंगोला)
विधायक- गंगोलीहाट।

# ग्राम पंचायत-फडियाली

विकास खण्ड-गंगोलीहाट, तहसील-गणाई गंगोली, पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड)

**चन्द्रकला आगरी**
ग्राम प्रधान

निवास : ग्राम-फडियाली, पो. सलिया,
तहसील-गंणाई-गंगोली
जिला- पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड)
मो. 7535859392, 8477077481

आवक नं० 1638 / डाईल नं० 1सी / दिनांक 26-7-2021

पत्रांक.................. दिनांक 26/7/2021

सेवा में
श्रीमान अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड
लो० नि० वि० बेरीनाग जनपद पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड)

विषय- अनुसूचित जाति की ग्राम सभा फडियाली को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से आपके खण्ड द्वारा पूर्व में प्रस्तावित मोटर मार्ग के अनुरूप भुमेड़ा से ग्राम के निर्माण के बावत संदर्भ- आपका पत्रांक संख्या 12/7/22 एम जी दि० 23/11/2016 एवं पत्रांक 1167 / 27 सी दि० 25/9/2020

महोदय,
कृपया अपने उपरोक्त संदर्भित पत्रों संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें विषयक से संदर्भित मोटर मार्ग के निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं के निराकरण हेतु आपके खण्ड में कार्यरत श्रीमान सहायक अभियन्ता एवं सम्बन्धित अपर अभियन्ता महोदयों ने मुझे (प्रधान पति) को कुछ ग्रामीण किसानों के साथ दोनों अभियन्ताओं से प्रस्तावित मोटर मार्ग के पास मिलने के लिए दूर संचार माध्यम द्वारा दि० 24/7/2021 को 11 बजे का समय निर्धारित किया गया जिसके क्रम में हम ग्रामीण किसान निर्धारित समय पर प्रस्तावित मोटर मार्ग के पास दोनों अभियन्ताओं द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया तथा मिलकर आ रही बाधाओं का निस्तारण हेतु सहमति बनी पूर्व में मैं प्रस्तावित मोटर मार्ग पर तथा ग्रामीण किसानों द्वारा उपरोक्त संदर्भित पत्रों के अवलोकन में दोनों आप अभियन्ताओं को लखतोली नायल मोटर मार्ग

अपु० AE II
EE
26/07/2021

P.T.O

# ग्राम पंचायत-फडियाली

विकास खण्ड-गंगोलीहाट, तहसील-गंणाई गंगोली, पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड)


**चन्द्रकला आगरी**

ग्राम प्रधान

निवास : ग्राम-फडियाली, पो. सलिया,
तहसील-गंणाई-गंगोली
जिला- पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड)
मो. 7535859392, 8477077481


पत्रांक.................. दिनांक..........................

निर्माण से हुए नुकसान एंव आगे भविष्य संम्भावित नुकसान (क्षति) के संम्बन्ध में अवगत भी कराया गया क्योंकि नायल मोटर मार्ग से गणाई तक की दूरी लगभग 10 किमी० की होगी इसकी अपेक्षा ग्राम सभा फडियाली से भाटगांव / भुनेडा होते हुए गणाई की दूरी लगभग आधी दूरी 5 कि०मी० की होगी ऊपर नायल मोटर मार्ग के पहाडी से निर्मित होने से जमीन खिसकने एंव मकानो को खतरा बना रहेगा एंव क्षति पहुँचने का भय बना रहेगा इसकी अपेक्षा नीचे से पूर्व में प्रस्तावित मोटर मार्ग निर्माण होने से गरीब किसानो को गणाई आने-जाने में कम खर्च कम दूरी तय करने मे सुगमता प्रतीत हो रही है किसान फल सब्जी कम दूरी व कम किराए में बाजार मे पहुँचा
अत: आप से निवेदन है कि संदर्भित पत्रो के आलोकन में परिलक्षित हो रही बाधाओ के निराकरण को मद्देनजर रखते हुए जन हित व राष्ट्र हित लारवतोली से नायल 3 किमी० मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु में वन भूमि में पड़था तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य सम्पादित करने की अपने स्तर की कार्यवाही कराने एंव पूर्व प्रस्तावित के अनुरूप भाटगांव फडियाली 4 किमी० मोटर मार्ग का निर्माण करने हेतु अपने स्तर कि आवश्यक कार्यवाही करते हुए दोनो ग्राम सभाओ को विकास कि मुख्यधारा से जोडने का प्रनित कार्य करते हुए हम सभी ग्रामीणो को आभारी करे

P.T.O.

प्रार्थी गण

सभी ग्रामीण किसानो की ओर से

ग्राम प्रधान

श्रीमती चन्द्रकला आगरी
प्रधान
ग्राम पंचायत-फडियाली
वि० ख० -गंगोलीहाट (पिथौरागढ़)

26/7/2021

संलग्नक उपरोक्तानुसार 2 अदद छाया प्रति सुलभ सदर्भ हेतु
निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित
प्रतिलिपि श्री पूरन राम आगरी समाजसेवी
वार्ड नं० 2 आनादि स्नान के निकट मोतीपुर
पो० ओ० दिनेशपुर जनपद उधमसिंहनगर
सम्पूर्ण किसानो के हस्ताक्षर पृष्ठ नं० 3 एवं 4 पर

P.T.O

# ग्राम पंचायत फडियाली

| क्र.सं. | नाम | पिता/पति का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1- | श्री भास्कर राम | स्व० श्री गुलाब राम | Bhaskar Ram |
| 2- | श्री भूपाल राम | स्व. गोपाल राम | भूपाल राम |
| 3- | श्री गोविन्द राम | स्व. फकीर राम | गोविन्द राम |
| 4- | श्री जगदीश राम | स्व. दैनी राम | जगदीश राम |
| 5- | श्री गोकुल राम | ज्ञानी राम | गोकुल राम |
| 6- | श्री. रामप्रसाद | स्व. दुर्गा राम | राम प्रसाद |
| 7- | श्री दिवेन्द्र कुमार | " श्री महेन्द्र राम | [illegible] |
| 8- | श्री मदन राम | " धाम राम | मदन राम |
| 9- | आनन्द राम | " नवा राम | |
| 10- | श्री कंचन कुमार | श्री बहादुर राम | कंचन कुमार |
| 11- | दीपक कुमार महरा | स्व. कमल राम | [illegible] |
| 12- | श्री. सदी राम | " श्री धन राम | Sadi Ram |
| 13- | श्री. जगदीश राम | " श्री. देव राम | Jagdish Ram |
| 14- | जोगराम | " श्री. रतन राम | Jogaram |
| 15- | श्री. श्याम लाल | " श्री गोपाल राम | श्याम लाल |
| 16- | श्रीमती सीता देवी | स्व. ठाकुर राम | |
| 17- | श्री० धनी राम | " गोपाल राम | [illegible] |
| 18- | श्री. गुसाई राम | " महेन्द्र राम | गुसाई राम |
| 19- | श्री बहादुर राम | " कर्म राम | Bahadur Ram |
| 20- | श्री रणजीत राम | श्री दलीप राम महरा | Ranjeet Ram |
| 21- | श्री चतुर राम | " किशन राम | चतुर राम |
| 22- | श्री शंकर लाल | " गुलाब राम | शंकर लाल |
| 23- | श्री रघुवर प्रसाद | " जसोद राम | रघुवर प्रसाद |

ग्राम पंचायत फडियाली

| क्र.सं | नाम | पिता / पति का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 24- | श्री सर्वजीतराम | स्व. देवराम | सर्वजीत राम |
| 25- | श्री कुल्दीप प्रसाद | श्री गौरीराम | Kuldeep Prasad |
| 26- | श्री राजकुमार | ,, उमेदराम | राज कुमार |
| 27- | श्री द्वारिका प्रसाद | ,, ,, | द्वारिका प्रसाद |
| 28- | श्री योगेशभारती | श्री गोविन्द भारती | Yogesh Bharati |
| 29- | श्रीमती लीलादेवी | श्री राधेश्याम | लीला देवी |
| 30 | श्रीमती नीता देवी | श्री राजेश कुमार | नीता देवी |
| 31- | श्री सुनीलकुमार | स्व. सदीराम | सुनील कुमार |
| 32- | श्री विजय कुमार | स्व. बहादुरराम | विजय कुमार |
| 33- | श्री गिरीशचन्द्र | स्व. नन्दराम | [signature] |
| 34- | श्री विशनराम | स्व. गुलाबराम | विशन राम |
| 35- | श्री रबी प्रसाद | श्री बहादुर राम | [signature] |
| 36- | श्री जसौद राम | स्व. बचीराम | जसौद राम |
| 37- | श्री गोपालराम | ,, फकीरराम | गोपाल राम |
| 38- | श्रीमती कलावती देवी | श्री. राजेन्द्र वाणी | [thumb impression] |
| 39- | साधुराम | स्व. बचीराम | साधु राम |
| 40- | श्री संजयकुमार | ,, बहादुरराम | Sanjaykumar |
| 41- | श्री अनिरुद्धदास | ,, फकीर राम | अनिरुद्ध दास |
| 42 | श्री मक्खनराम | ,, वीर राम | [signature] |
| 43 | श्री ठाकुर राम | ,, दीवान राम | ठाकुर राम |
| 44- | श्री रमेश राम | ,, गुसाईं राम | रमेश राम |
| 45- | श्री तेजराम | ,, गुलाब राम | तेज राम |
| 46 | | | |

| क्र.संख्या | नाम | पिता / पति | हस्ताक्षर |
| --- | --- | --- | --- |
| 46- | श्री. जितेन्द्र कुमार | स्व. गुलाब राम | जितेन्द्र कुमार |
| 47- | श्रीमती गंगा देवी | स्व. बहादुर राम | गंगा देवी |
| 48 | श्री राकेश कुमार | श्री सकत राम | [signature] |
| 44 | श्री मोहन राम | स्व. बचीराम | मोहन राम |
| 50 | श्री राजेन्द्र भारती | स्व. दुर्गाराम | [signature] |
| 51 | श्री शेर राम | स्व. बचीराम | [signature] |
| 52 | [illegible] | [illegible] | [signature] |
| 53 | प्रवीण कुमार | ठाकुर राम | Parveen Kumar |
| 54 | हरीश प्रकाश | स्व. बहादुर राम | Harish Parkash |
| 55 | ममता देवी | जगदीश कुमार | ममता देवी |
| 56 | दीपा देवी | संतोष कुमार | दीपा देवी |
| 57 | निर्मला देवी | रविप्रसाद | निर्मला देवी |
| 58 | राहुल कुमार | राम प्रसाद | [signature] |
| 59 | संजय कुमार | आनन्द राम | संजय कुमार |
| 60 | अर्जुन कुमार | गोपाल राम | अर्जुन कुमार |
| 61 | शकुन्तला देवी | विजय कुमार | शकुन्तला देवी |
| 62 | शिवशंकर | नारायण राम | [signature] |
| 63 | धीरज कुमार | मदन राम | धीरज कुमार |
| 64 | मनोज कुमार | साधु राम | Manoj Kumar |
| 65 | डुंगर राम | स्व गुलाबराम | डुंगर राम |
| 66 | मीना देवी | फकीर राम | मीना देवी |
| 67 | दीपा देवी | कंचन कुमार | दीपा देवी |
| 68 | पार्वती देवी | राज कुमार | पार्वती देवी |
| 69 | रेवती देवी | बहादुर राम | रेवती देवी |

# ग्राम पंचायत डीडीपाली

| क्र० | नाम | पिता/पति का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 70 | बसन्ती देवी | शंकर लाल | बसन्ती देवी |
| 71 | सुनीता देवी | राकेश कुमार | सुनीता देवी |
| 72 | गणेश लाल | खगत राम | गणेशलाल |
| 73 | मुन्नी देवी | गिरीश चन्द्र | मुन्नी देवी |
| 74 | कुलदीप महरा | बहादुर राम | कुलदीप महरा |
| 75 | राधेश्याम | स्व. महेन्द्र राम | राधेश्याम |
| 76 | उमा देवी | कुलदीप महरा | |
| 77 | अनीता देवी | रामप्रसाद | अनीता देवी |
| 78 | सन्तोषी देवी | शिवशंकर आगरी | सन्तोषी |

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, बेरीनाग (पिथौरागढ़)

फोन नं0 – 05964–244117 फैक्स नं0 –05964–244622 ई–मेल–eepwdberinag@rediffmail.com


दिनांक 23/11/2016

पत्रांक 1291 /22mg

सेवा में

श्री पूरन राम आगरी,
ग्राम एवं ग्राम सभा फड़ियाली
पोस्ट ऑफिस सलिया (गणाई गंगोली)
जिला – पिथौरागढ़।
हाल मुकाम वार्ड नं0 2 अनादि रंजन के निकट
पो0ऑ0 – दिनेशपुर जनपद ऊधमसिंह नगर
(उत्तराखण्ड)

विषयः– सूचना के अधिकार के अन्तर्गत सूचना चाहने विषयक।
सन्दर्भ– आपके अपील पत्र दि0 26–10–16

आज दिनाँक 23–11–16 को श्री पूरन राम आगरी, ग्राम एवं ग्राम सभा फड़ियाली पोस्ट ऑफिस सलिया
(गणाई गंगोली) जिला – पिथौरागढ़ प्रार्थी का अपीलीय पत्र दिनाँक 26–10–16 को पृष्ठाँकित है, जिसमें अपील
की सुनवाई हेतु दिनाँक 22–11–16 निर्धारित की गई थी किन्तु अपीलीय अधिकारी को जिला मुख्यालय
पिथौरागढ़ जाना था, जिस कारण प्रार्थी को दि0 23–11–16 प्रातः 10:00 बजे का समय अपील सुनने को दिया
गया। उपरोक्त एवज में दि0 23–11–16 को प्रार्थी निश्चित समय पर उपस्थित हुये प्रार्थी द्वारा अवगत कराया
गया है कि लो0नि0वि0 के रखरखाव में बाड़छीना थल अस्कोट नामक मार्ग के भुनेरा से सेराघाट के मध्य ग्राम
फड़ियाली तक मार्ग की स्थिति आवागमन हेतु सुरक्षित नहीं है, इसको सुरक्षित यातायात हेतु उपलब्ध कराया
जाय।

भाटगाड़ा नायल फड़ियाली पम्या मोटर मार्ग लम्बाई 10.00 किमी0 में शा0सं0 1110 / III (2) / 14
–52 (प्रा0आ0) /2013 दि0 20–2–2014 को लागत रू0 58.50 हेतु प्रथम चरण की स्वीकृति प्राप्त हुई। पूर्व में
लो0नि0वि0 द्वारा सर्वे हेतु सर्वे टीम को भेजा गया जिसमें ग्राम भाटगाड़ा वालों द्वारा सर्वे टीम को सर्वे नहीं करने
दिया गया, जिस कारण मार्ग के निर्माण की कार्यवाही बाधित हो रही है। अपीलीय अधिकारी के संज्ञान में यह भी
आया है कि पूर्व में उपजिलाधिकारी गंगोलीहाट द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण किया गया। लेकिन तत्समय भी
इसका कोई हल नहीं निकल पाया। उपरोक्त अश्व मार्ग 5.15 मी0 चौड़ाई में लो0नि0वि0 द्वारा अधिग्रहीत है और
इसी मार्ग के एलाईनमैन्ट में आई0आर0सी0 के विशिष्ट अनुरूप इस मार्ग के अधिकतम भाग का उपयोग किया
जायेगा परन्तु भाटगाड़ा ग्रामवासियों के विवाद के कारण सर्वे करना सम्भव नहीं हो पा रहा है। उपरोक्त स
कार्य को अपीलीय अधिकारी द्वारा यह निर्णय लिया गया कि उपरोक्त निर्माण हेतु भूमि की अध्याप्ति धारा 4 (
के सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत जिला प्रशासन एवं लो0नि0वि0 द्वारा संयुक्त रूप से की जायेगी।

अतः सूचनार्थ प्रेषित।

23/11/16

(इं0 धीरेन्द्र कुमार)
अपीलीय अधिकारी
अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0 बेरीनाग

पत्रांक / दिनाँक

प्रतिलिपि – लोक सूचना अधिकारी, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0 बेरीनाग को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि – सहायक लोक सूचना अधिकारी, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0 बेरीनाग को सूचनार्थ प्रेषित।

(इं0 धीरेन्द्र कुमार)
अपीलीय अधिकारी
अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0 बेरीनाग

अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, बेरीनाग (पिथौरागढ़)

फोन नं0 – 05964–244117 फैक्स नं0 –05964–244822 ई–मेल–eepwdberinag@rediffmail.com

पत्रांक 1429 / 27 सी दिनांक 21–11–20

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,
पिथौरागढ़।

विषय : जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा गंगोलीहाट में भाटगाड़ा फडियाली नायल पम्या मोटर मार्ग लम्बाई 10.00 किमी0 में पड़ने वाली वनभूमि 3.600 है0 वनभूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण। (प्रस्ताव सं0 FP/UK/ROAD/38955/2019)

सन्दर्भ भारत सरकार का पत्रांक 8बी / यू0सी0पी0 / 06 / 92 / 2020 / एफ0सी0 / 1109 दि0 28–8–2020 एवं ई0डी0एस0 दि0 23–10–2020

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि उक्त मोटर मार्ग का ऑन लाईन वनभूमि हस्तान्तरण नोडल अधिकारी देहरादून को प्रेषित किया गया था। भारत सरकार के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा 5 बिन्दुओं पर प्रस्ताव आपत्ति में प्राप्त है। आपत्तियों का निराकरण बिन्दुवार निम्नानुसार कर दिया गया है :–

| क्र.सं0 | भारत सरकार द्वारा मॉगी गई सूचना | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | As per the details filled in para B in part -I approval has already been accorded by this office in the proposal No. FP/UK/ROAD/10149/2015 from Ganai Bankot motor road Km 5.00 to Nayal. On perusal of KML file. It is noticed that road cutting work has also been completed in that part. State Govt. may submit the revised proposal from the end point of the proposal No. FP/UK/ROAD/10149/2015 to end point of this proposal. | नायल मोटर मार्ग की स्वीकृति पूर्व में 3 किमी0 लम्बाई में प्राप्त है, जो निर्मित हो चुका है। ग्राम भाटगाड़ा के ग्रामीणों के द्वारा मोटर मार्ग से जोड़ने हेतु अनुरोध किया गया। तत्पश्चात् 10.00 किमी0 लम्बाई में भाटगाड़ा फडियाली नायल पम्या नाम से मोटर मार्ग की स्वीकृति प्राप्त है। जिसमें भाटगाड़ा के साथ पम्या गॉव को भी जोड़ा जाना प्रस्तावित है, जिस कारण नायल मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु में भाटगाड़ा फडियाली नायल पम्या मोटर मार्ग का समरेखन एक दूसरे के आस पास आ रहा है। |
| 2 | Digital map of the proposal road is not found uploaded. State Govt. may upload the Geo-referenced digital map of the area proposed for diversion at para C (iv) of part -1. | Digital map, Geo-reference map para C (iv) of part -1. में अपलोड कर दिया गया है। |
| 3 | KML file of the CA area is not found uploaded. State Govt. may upload the KML file of the CA area at para 13 of part -II. | KML file of the CA para 13 of part -II. में अपलोड कर दी गयी है। |
| 4 | Muck disposal plan is not found uploaded. State Govt. may uploaded the complete muck disposal plan including the details like quantity of muck likely to be generated. Including swell factor. Quantity of muck likely to be utilized and the balance quantity to be disposed of at identified muck disposal sites duly approved by the D.F.O. | मलवा निस्तारण योजना प्रभागीय वनाधिकारी के सहमति उपरान्त अपलोड कर दी गई है। |
| 5 | राज्य सरकार उपलब्ध रोड नेटवर्क और लाभान्वित होने वाले ग्रामों की स्थिति को के0एम0एल0 फाईल पर अंकित कर ऑन लाईन पैरा "सी" (ii) (बी) पार्ट– I. पर अपलोड करें। | रोड नेटवर्क और लाभान्वित ग्रामों की स्थिति को के0एम0एल0 फाईल पर अंकित कर ऑन लाईन पैरा "सी" (ii) (बी) पार्ट– I. में अपलोड कर दिया गया है। |

भवदीय
(हस्ताक्षर)
अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0 बेरीनाग

पत्रांक / दिनांक

प्रतिलिपि – अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण इन्दिरा नगर फारेस्ट कालौनी, उत्तराखण्ड देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0 बेरीनाग

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## अस्थाई खण्ड, लो०नि०वि०, बेरीनाग (पिथौरागढ़)

फोन नं0 – 05964-244117 फैक्स नं0 –05964-244622 ई–मेल–eepwdberinag@rediffmail.com

पत्रांक 1559 / 27 सी. दिनांक 18-8-2021

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,
पिथौरागढ़।

विषय : जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा गंगोलीहाट में भाटगाड़ा फडियाली नायल पभ्या मोटर मार्ग लम्बाई 10.00 किमी0 में पड़ने वाली वनभूमि 3.600 है0 वनभूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण। (प्रस्ताव सं0 FP/UK/ROAD/38955/2019)

सन्दर्भः भारत सरकार का पत्रॉक 8वी / यू0सी0पी0 / 06 / 92 / 2020 / एफ0सी0 / 205 दि0 21–6–2021

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि उक्त मोटर मार्ग का ऑन लाईन वनभूमि हस्तान्तरण नोडल अधिकारी देहरादून को प्रेषित किया गया था। भारत सरकार के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा प्रस्ताव आपत्ति में प्राप्त है। आपत्तियों का निराकरण बिन्दुवार निम्नानुसार कर दिया गया है :–

| क्र.सं0 | भारत सरकार द्वारा माँगी गई सूचना | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | In the justification uploaded in part –II duly countersigned by the Executive Engineer. Where as opinion should have been given by the state government. It is informed that the village Fadiyali is not connected with the road. However on perusal of KML file it is clearly visible that the village Fadiyali is already connected with the road and the justification signed by Executive Engineer is not acceptable. State Govt. may verify the same | ग्राम फडियाली पूर्व निर्मित मोटर मार्ग के 1 किमी0 क्षे0 के अन्तर्गत है परन्तु पहाड़ों की विषम भौगोलिक परिस्थिति के मध्यनजर उक्त ग्राम पहाड़ी की तलहटी पर स्थित है, जिस कारण ग्राम के लोगों को सड़क मार्ग में पहुँचने के लिए लगभग 1 किमी0 पैदल चलना पड़ता है। स्थानीय निवासियों द्वारा अवगत कराया गया है कि पहाड़ों के उबड़ खाबड़ रास्ते होने के कारण बीमार, बृद्ध, बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं हेतु मोटर मार्ग तक पहुँचना कठिन होता है। ग्राम फडियाली अनुसूचित बाहुल्य गॉव होने के बाबजूद मोटर मार्ग से बंचित किया जा रहा है। माननीय विधायक विधानसभा क्षेत्र गंगोलीहाट द्वारा दि0 24–07–2021 को स्वयं प्रस्तावित स्थल पर उपस्थित होकर ग्राम सभा फडियाली के ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तावित मोटर मार्ग की के0एम0एल0 संशोधन कर ग्राम भाटगड़ा से फडियाली होते हुये पभ्या मोटर मार्ग निर्माण किये जाने का अनुरोध किया गया है। ग्राम सभा फडियाली एवं माननीय विधायक महोदय का पत्र संलग्न कर प्रेषित है। |
| 2 | राज्य सरकार द्वारा प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों का पूर्ण परीक्षण कर विस्तृत टीप प्रस्तुत की जानी हेतु अपेक्षित है। यदि डिजिटल मैप के बिन्दु क्रमॉक 24 तक पूर्व से ही मार्ग उपलब्ध है तो एक अन्य मार्ग प्रस्तावित किये जाने की आवश्यकता स्पष्ट नहीं है। राज्य सरकार पूर्ण परीक्षण उपरान्त इस पर अपना स्पष्ट प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। | डिजिटल मैप के बिन्दु क्रमॉक 24 तक पूर्व से मार्ग उपलब्ध है। परन्तु अनुसूचित जाति बाहुल्य गॉव फडियाली को मोटर मार्ग से जोड़ने हेतु ही प्रस्तावित मोटर मार्ग स्थानीय जन प्रतिनिधियों के मॉग पर उत्तराखण्ड शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है। संशोधित के0एम0एल0 फाईल यथास्थान अपलोड कर दी गई है। उक्त मोटर मार्ग प्रस्तावित किये जाने की आवश्कता प्रतिवेदन में अंकित कर दी गई है (प्रतिवेदन संलग्न) |

अतः व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुये प्रस्तावित मोटर मार्ग के वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव पर पुर्नविचार करने हेतु भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून से अनुरोध करने की कृपा कर दी जाय ताकि प्रकरण में सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त की जा सके। वन संरक्षक उत्तरी कुमाऊ वृत्त, अल्मोड़ा के पत्रॉक 415 / 12–1 दि028–07–2021 के अनुपालन में प्रस्ताव की चार हार्ड कापियॉ इस कार्यालय के पत्रॉक 1529 / 27 सी दि0 12–08–2021 द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी पिथौरागढ़ को उपलब्ध करा दी गई है (प्रति संलग्न)

संलग्न – प्रतिवेदन

भवदीय

18-8-2021

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0 बेरीनाग

18.8.2021 18/8/2021

Seen

Ex-Engineer

# प्रतिवेदन

जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा गंगोलीहाट में भाटगाड़ा फडियाली नायल पभ्या मोटर मार्ग (प्रस्ताव सं0 FP/UK/ROAD/38955/2019) के प्रथम चरण की स्वीकृति लम्बाई 10.00 किमी0 हेतु 58.50 लाख की प्राप्त है। प्रस्तावित समरेखन में 3.6 है0 वनभूमि प्रभावित हो रही है। (प्रस्तावित मार्ग के डिजिटल मैप के बिन्दु सं0 24 तक एक अन्य मोटर मार्ग लाखतोली से नायल तक दूसरी दिशा से पूर्व से निर्मित /उपलब्ध है) उक्त पूर्व निर्मित मार्ग से अनुसूचित जाति बाहुल्य गॉव फड़ियाली नहीं जुड पाया उक्त अनुसूचित जाति बाहुल्य गॉव को जोड़ने हेतु प्रस्तावित मार्ग की स्वीकृति 10 किमी0 लम्बाई हेतु प्राप्त हुई उक्त 10 किमी0 मोटर मार्ग ग्राम भाटगाड़ा से प्रारम्भ होकर ग्राम फडियाली को जोड़ते हुये दूरस्थ ग्राम पभ्या तक प्रस्तावित किया गया है। उक्त मोटर मार्ग निर्मित हो जाने पर स्थानीय जनता को यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी। प्रस्तावित मोटर मार्ग के डिजिटल मैप के क्रमॉक 24 के आगे इसलिए नहीं जोड़ा जा सका कि प्रस्तावित मोटर मार्ग के शासनादेश के अनुसार फड़ियाली गॉव को जोड़ा जाना आवश्यक था। अनुसूचित जाति बाहुल्य गॉव को जोड़ने हेतु स्थानीय जनता एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा बार–बार अनुरोध किया जा रहा है। माननीय विधायक विधानसभा क्षेत्र गंगोलीहाट द्वारा दि0 24–07–2021 को स्वयं प्रस्तावित स्थल पर उपस्थित होकर ग्राम सभा फडियाली के ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तावित मोटर मार्ग की के0एम0एल0 संशोधन कर ग्राम भाटगड़ा से फडियाली होते हुये पभ्या मोटर मार्ग निर्माण किये जाने का अनुरोध किया गया है। ग्राम सभा फडियाली एवं माननीय विधायक महोदय का पत्र संलग्न कर प्रेषित है।

अतः व्यापक जनहित को देखते हुये उक्त मार्ग के वनभूमि हस्तान्तरण की स्वीकृति निर्गत करने हेतु प्रस्ताव ऑन लाईन प्रेषित किया जा रहा है।

18-8-2021

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0 बेरीनाग

18/08/2021

बैनर तले रजिस्ट्रार कानूनगो, राजस्व निरीक्षक, उपनिरीक्षक, राजस्व सेवकों ने नगरपालिका स्थित तहसील परिसर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान हुई सभा में वक्ताओं ने कहा प्रदेश की तमाम तहसीलों में तहसीलदारों व नायब तहसीलदार के रिक्त पदों पर बिना प्रशिक्षण प्राप्त किए लिपिकीय संवर्ग से पदोन्नत प्रशासनिक

[...] अधिनियम, भूलेख नियमावली से खिलवाड़ है। जिस कारण भूलेख संवर्ग से जुड़े कार्मिकों को मजबूरन आंदोलन का सहारा लेना पड़ रहा है।

कार्मिकों की हड़ताल से तहसीलों में आवश्यक दस्तावेज बनाने आए लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ा। धरना-प्रदर्शन करने वालों में नवीन

जोशी, गोपाल कैनिया आदि शामिल थे।

बेरीनाग : तहसील परिसर में राजस्व उपनिरीक्षकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आदेश को वापस लेने की मांग की। इस मौके पर मोहित चंद, वीरेंद्र बोरा, संजय रावत, मनीषा बिष्ट, अजंता दुग्ताल, आशा राज, कंचन [...]

[...] : तहसील परिसर [...] उपनिरीक्षकों ने प्रदेश [...] खिलाफ प्रदर्शन कर आ[...] किया। उन्होंने कहा कि यदि परिषद द्वारा आदेश निरस्त न [...] गया तो संगठन उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। प्रदर्शन कर[...] में भूपेंद्र पंत, संजीव द्विवेदी, पाठक, मनीष भट्ट, सुंद[...]

14c 24-03-2021 दैनिक जागरण

# नोडल स्तर पर लटका भाटगाड़ा-पभ्या मा[...]


- अनुसूचित जाति बाहुल्य गांव के ग्रामीण सड़क सुविधा न होने से परेशान
- मरीज की मौत की घटना के बाद भी नहीं दूर हुई शासन-प्रशासन की उदासीनता

संवाद सहयोगी, पिथौरागढ़ : प्रस्तावित मोटर मार्ग को वन अधिनियम से मुक्ति नहीं मिलने के चलते जिले के कई गांव आज भी सड़कों से वंचित हैं। सड़क के अभाव में समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे लोग दम तोड़ रहे हैं।

सीमांत जिले के गणाईगंगोली क्षेत्र के अंतर्गत अनुसूचित जाति बाहुल्य गांव फड़ियाली को सड़क से जोड़ने के लिए चार वर्ष पूर्व भाटगाड़ा, नायल, फड़ियाली, पभ्या मोटर मार्ग प्रस्तावित था। वर्ष 2019 में 10 किमी. लंबी इस सड़क को वन अधिनियम से मुक्त कराने के लिए प्रस्ताव नोडल स्तर पर भेजा गया। तब से आज तक प्रस्ताव लटका है।

फड़ियाली की ग्राम प्रधान चंद्रकला आगरी और सामाजिक कार्यकर्ता पूरन राम आगरी ने बताया कि सड़क के अभाव में अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों के लोग परेशान हैं। बीते वर्ष क्षेत्र से एक बीमार व्यक्ति को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका, जिससे उसका निधन हो गया। क्षेत्र का आर्थिक विकास लगभग ठप है। मजबूरी में लोग गांव छोड़ रहे हैं।

सड़क निर्माण के लिए कई बार गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन शासन-प्रशासन की उदासीनता नहीं टूट रही है। ग्राम प्रधान का कहना है कि सड़क के अभाव में लोग तेजी से गांव छोड़ रहे हैं। उन्होंने अविलंब सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। इधर लोक निर्माण विभाग का कहना है कि 10 किमी. सड़क का प्रस्ताव बनाया गया है, जिसे वन अधिनियम से मुक्ति मिलने का इंतजार किया जा रहा है।



सड़क से वंचित पिथौरागढ़ जनपद के गणाई-गंगोली का फड़ियाली क्षेत्र • जागरण

## दो दशक बाद भी नहीं सु[...] सीमा से लगी सड़क की [...]

संसू, तीतरी : भारत-नेपाल सी[...] लगे तल्लाबगड़ क्षेत्र को जोड़ने [...] सड़क पिछले दो दशक से बदहा[ल] स्थिति में है। बेहद संकरी इस स[...] पर बने गड्ढे यात्रियों के लिए मुसी[बत] खड़ी कर रहे हैं। कई बार मांग क[...] के बाद भी सड़क की हालत में सु[धार] के लिए पहल नहीं होने से क्षेत्रवा[सियों] में गहरा आक्रोश है। जौलजीबी से तल्लाबगड़ तक बनी सड़क दो दश[क] से अधिक गांवों की लाइफ लाइन [...] सड़क का उपयोग स्थानीय लोगों [...] साथ ही साथ क्षेत्र में तैनात सुरक्षा बल भी करते हैं। सड़क लंबे समय [से] बदहाल स्थिति में है। सड़क में जग[ह-]जगह गड्ढे बन हुए हैं। बेहद संकरी इस सड़क में वाहन चलाने में चाल[कों] को काफी दिक्कतों का सामना कर[ना] पड़ता है। मानसून काल में यह सम[स्या] और बढ़ जाती है। हल्की सी बारिश होने में ही सड़क कीचड़ से पट जाना सामान्य बात होती है।



पिथौरागढ़ के गांधी चौक पर भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण करते [...]

# शहीद भगत सिंह, सुखदे[व] राजगुरु को दी श्रद्धांजलि

आयोजन

- पिथौरागढ़ महाविद्यालय में दीवार पत्रिका का हुआ विमोचन
- जेसी मेमोरियल [...] शहादत को किया याद

संवाद सहयोगी, पिथौरागढ़ : शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के सम्मान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें देश की आजादी के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर क्रांतिकारियों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मंगलवार को [...]

## बच्चों को शिक्षा नहीं मिल[...]

डामरीकरण की गुणवत्ता को लेकर प्रदर्शन करते भटक्यूड़ा के ग्रामीण • जागरण

## अनुसूचित बाहुल्य गांव फडियाली सड़क बनी सपना

संस, पिथौरागढ़: अनुसूचित बाहुल्य गांव फड़कनाली के ग्रामीण पिछले एक दशक से सड़क की मांग उठा रहे हैं। आज तक सड़क की मांग पूरी नहीं हो पाई है। खिन्न ग्रामीणों ने शीघ्र सड़क का निर्माण नहीं कराए जाने पर आगामी विधानसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दे दी है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन राम आगरी, चंद्रकला ने कहा है कि क्षेत्र के लोग एक दशक से भाटगांव-नायल-फडियाली सड़क की मांग उठा रहे हैं, कई बार इस सड़क के लिए आंदोलन किए जा चुके हैं। लंबे संघर्ष के बाद सड़क का प्रस्ताव तैयार किया गया, लेकिन वन भूमि हस्तांतरण नहीं होने से मामला फिर लटक गया है। सड़क नहीं होने से आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोग प्रभावित हो रहे हैं।

## वन भूमि हस्तांतरण

संवाद सहयोगी, पिथौरागढ़: वन अधिनियम पर्वतीय क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण पर भारी पड़ रहा है। वन भूमि हस्तांतरण के मामलों में देरी के चलते बड़ी आबादी अभी भी सड़क सुविधाओं से वंचित है। सीमांत जिले में पांच बेहद महत्वपूर्ण सड़कों की फाइलें पिछले एक वर्ष में एक इंच आगे नहीं बढ़ सकी हैं।

सीमांत धारचूला क्षेत्र के अंतर्गत जुम्मा से रांथी तक सड़क प्रस्तावित है। इसका खाका पांच वर्ष पूर्व खींच लिया गया था। सर्वे हुई तो पता चला कि सड़क में वन भूमि आ रही है। मामला लंबे समय तक लटका रहा। क्षेत्रीय जनता आंदोलन पर उतरी तो नए सिरे से कवायद हुई। वन भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव तैयार कर

# करने वाला गिरफ्तार

# सात साल से सड़क की बाट जोह रहे ग्रामीण

## वन अधिनियम में फंसी है 2014 में स्वीकृत फड़ियाली-पभ्या-नायल सड़क

संवाद न्यूज एजेंसी

गणाई गंगोली (पिथौरागढ़)। फड़ियाली-पभ्या-नायल 10 किमी सड़क वर्ष 2014 में स्वीकृत हो गई थी। प्रथम चरण में सड़क निर्माण के लिए आई 58.50 लाख की राशि मिली लेकिन भूमि हस्तांतरण न होने के कारण मामला लटका है।

पांच साल पहले इस सड़क की स्वीकृति के बाद लोगों में क्षेत्र के दिन बहुरने की आस जगी थी, लेकिन वन अधिनियम के कारण सात साल बाद भी सड़क निर्माण पूरा नहीं हो सका। क्षेत्र के 600 परिवार आज भी डेढ़ किमी की पैदल खड़ी चढ़ाई चढ़ने के लिए मजबूर हैं। सड़क सुविधा न होने के कारण 400 परिवारों ने गांव से अन्यत्र पलायन कर लिया है। आज भी गांव में कोई बीमार होता है तो लोगों को डोली के सहारे ही उसे अस्पताल तक लाना पड़ता है। फड़ियाली, पभ्या, नायल, भाटगाड़ा के ग्रामीण बेहद परेशान हैं। सबसे अधिक दिक्कत फड़ियाली, पभ्या, तल्ली नायल के लोगों को उठानी पड़ती है।



सड़क न होने से क्षेत्र में अन्य सुविधाओं का अभाव है। बीमार लोगों को डोली में डेढ़ किमी की खड़ी चढ़ाई पार कर सड़क तक जाना पड़ता है। वहां से फिर बीमार को अस्पताल ले जाया जाता है। शीघ्र बनाई जानी चाहिए। - चंद्रकला आगरी, प्रधान फड़ियाली।



सड़क निर्माण न होने के कारण ग्रामीण लगातार पलायन को मजबूर हैं। सड़क के अभाव में [illegible] परिवारों ने पलायन कर लिया है। [illegible] सड़क बनाने की जरूरत है। - पूरन राम आगरी, सामाजिक कार्यकर्ता।



सड़क की बाट जोहते हुए हम बूढ़े हो गए हैं। गांव को सड़क निर्माण हो जाता तो बड़ा सुकून मिलता। वन विभाग को जल्द भूमि हस्तांतरण की कार्यवाही करनी चाहिए। - हरक राम, वरिष्ठ नागरिक।



[illegible] में स्वीकृत सड़क के लिए 58.50 लाख रुपये की राशि आई थी लेकिन वन भूमि हस्तांतरण की कार्यवाही न होने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। - बहादुर राम, ग्रामीण।

पभ्या से पभ्या तक सड़क स्वीकृत है। इसके लिए वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया भारत सरकार में लंबित है। स्वीकृति प्रक्रिया पूरी होने के बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। -विनोद सिन्हा, ईई, लोनिवि, बेरीनाग


# खस्ताहाल सड़क

## आंबेडकर ग्राम फागपुर को एनएच ...

संवाद न्यूज एजेंसी

वनबसा (चंपावत)। आंबेडकर ग्राम फागपुर का मुख्य मार्ग लंबे समय से जीर्णशीर्ण होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क पर कई जगह गड्ढे बन चुके हैं। बरसात में पानी भरने से सड़क तालाबनुमा हो रही है। इस सड़क पर कई जगह बरसाती पानी नाले की तरह बहता है। इस क्षतिग्रस्त मार्ग पर कई दोपहिया वाहन चालक और साइकिल सवार चोटिल भी हुए हैं।

वनबसा टनकपुर एनएच से आंबेडकर ग्राम फागपुर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क (एनएच) से करीब दो किमी दूर अंतिम छोर पर [illegible] प्राथमिक पाठशाला तक की ...



# जिले में ऑपरेशन मर्यादा से

# आखिर किसकी है सड़क, कौन ...

जलमग्न सड़क के स्वामित्व पर लोनिवि ...